https://www.sarkarionlinejob.com/

भिन्न
(Fraction)

साधारणतः किन्हीं दो राशियों के अनुपात को भिन्न कहा जाता है। जैसे $x : y$ को $\frac{x}{y}$ कहते हैं। भिन्न को एक और अर्थ में भी परिभाषित किया जा सकता है। यदि किसी राशि को कई बराबर-बराबर भागों में बांटकर उनमें से कुछ भाग ले लिए जाएं, तो उसे भी भिन्न के रूप में लिखा जाता है। जैसे हम अपने धन के कुल चार बराबर-बराबर हिस्सों को चार क्षेत्रों में खर्च करें तो हमारे प्रत्येक क्षेत्र का खर्च $\frac{1}{4}$ होगा जो एक भिन्न है।



भिन्न $= \frac{1}{4}$ **[जहां अंश के रूप में 1 तथा हर के रूप में 4 है। अतः प्राप्त भिन्न $= \frac{1}{4}$]**

➲ **भिन्न के व्यवहार समझें**

देखें $\frac{1}{3} + \frac{1}{4} = ?$

माना दो बराबर जार हैं। पहले जार में $\frac{1}{3}$ भाग पानी भरा है तथा दूसरे जार में $\frac{1}{4}$ भाग पानी भरा है। यदि दूसरे जार का पानी पहले जार में डाल दिया जाय तो पहला जार कितना भर जाएगा ? यही भिन्नात्मक मान $\frac{1}{3} + \frac{1}{4}$ का अभीष्ट उत्तर होगा।

☞ **इस तरह समझें**



पहले जार के प्रत्येक भाग को 4 भागों में और दूसरे जार के प्रत्येक भाग को 3 भागों में बांट लें तो दोनों जारों पर 12-12 भाग हो जाएगें।



∵ दोनों जार में भागों की समान संख्या = 12

https://www.sarkarionlinejob.com/

$\therefore \frac{1}{3}=\frac{1\times4}{3\times4}=\frac{4}{12}$

$\therefore \frac{1}{4}=\frac{1\times3}{4\times3}=\frac{3}{12}$

$\therefore \frac{4}{12}+\frac{3}{12}=\frac{7}{12}$ अभीष्ट है।

इसी प्रकार घटाव की संक्रिया में भी होगा-

☞ **देखें-** $\frac{1}{3}-\frac{1}{4}=?$



दोनों जार में भागों की समान संख्या 12 है

$\therefore \frac{1}{3}=\frac{1\times4}{3\times4}=\frac{4}{12}$

तथा $\frac{1}{4}=\frac{1\times3}{4\times3}=\frac{3}{12}$

$\therefore \frac{4}{12}-\frac{3}{12}=\frac{1}{12}$ अभीष्ट है।

☞ **अब आसानी से समझें-**



$\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

$\frac{1}{4}+\frac{1}{4}=\frac{1}{2}$

$\frac{1}{4}+\frac{1}{4}+\frac{1}{4}=\frac{3}{4}$



$\frac{1}{5}+\frac{1}{5}+\frac{1}{5}=\frac{3}{5}$

$\frac{1}{6}+\frac{1}{6}+\frac{1}{6}=\frac{3}{6}=\frac{1}{2}$

❑ भिन्नों का वर्गीकरण

भिन्न का वर्गीकरण निम्न प्रकार से कर सकते हैं-



$\frac{3}{11}, \frac{5}{13}, \frac{7}{9}$ इत्यादि जैसी भिन्नों को '**साधारण भिन्न**' कहते हैं। परंतु जिस भिन्न का हर 10 या 10 की घात हो तथा उसे दशमलव पद्धति में लिखा गया हो, तो वह '**दशमलव भिन्न**' कहलाती है। जैसे $\frac{3}{10}, \frac{21}{100}, 1\frac{17}{100}$..... को दशमलव के रूप में लिखने पर 0.3, 0.21, 1.17 .....प्राप्त होती है। **बीजगणितीय**

https://www.sarkarionlinejob.com/

भिन्न वह भिन्न होती है जिसका अंश या हर बीजीय व्यंजक हो या अंश तथा हर दोनों बीजीय व्यंजक हों।

जैसे $\frac{5}{x+y}, \frac{x}{(x+y)}$ .....इत्यादि।

❑ गुण के आधार पर भिन्नों के प्रकार

1. उचित भिन्न (Proper Fraction) –जिस भिन्न का अंश उसके हर से कम होता है उसे उचित भिन्न कहते हैं। जैसे $\frac{1}{3}, \frac{2}{5}, \frac{7}{13}$ ..... इत्यादि।

2. अनुचित भिन्न (Improper Fraction) –जब भिन्न का अंश हर से बड़ा या हर के बराबर हो, तो उसे अनुचित भिन्न कहते हैं। जैसे $\frac{8}{7}, \frac{13}{5}, \frac{15}{15}$ .....इत्यादि।

अनुचित भिन्न के अंश में हर का भाग देकर पूर्णांक और उचित भिन्न के रूप में लिखने पर मिश्र संख्या प्राप्त हो जाती है। जैसे $\frac{7}{3}$ को $2\frac{1}{3}$ के रूप में लिखा जा सकता है जो एक मिश्र संख्या है जिसमें एक पूर्णांक 2 तथा एक उचित भिन्न $\frac{1}{3}$ है।

3. व्युत्क्रम भिन्न (Reciprocal Fraction)– किसी भिन्न के अंश और हर को आपस में बदल देने पर जो दूसरी भिन्न प्राप्त होती है उसे व्युत्क्रम भिन्न कहते हैं। जैसे $\frac{3}{7}$ की व्युत्क्रम भिन्न $\frac{7}{3}$ होगी। यहां उल्लेखनीय बात यह है कि दो परस्पर व्युत्क्रम भिन्नों में एक उचित भिन्न और दूसरी अनुचित भिन्न होती है। किसी भी भिन्न और उसके व्युत्क्रम का गुणनफल हमेशा 1 के बराबर होता है।

4. संक्षिप्त भिन्न (Fraction in Lowestform)–जब किसी भिन्न के अंश और हर दोनों में 1 के अतिरिक्त कोई अन्य सामान्य गुणनखंड न हो, तो उसे संक्षिप्त भिन्न कहते हैं। जैसे $\frac{5}{7}, \frac{13}{19}, \frac{11}{17}$ .....इत्यादि। संक्षिप्त भिन्न के अंश और हर में दी गई संख्याएं अभाज्य होती हैं।

5. मिश्रित भिन्न (Mixed Fraction)–यदि किसी भिन्न का अंश या हर या दोनों भिन्न के रूप में हों, तो उसे मिश्रित भिन्न कहते हैं। जैसे $\frac{\frac{1}{2}}{3}, \frac{2}{\frac{3}{5}}, \frac{\frac{3}{7}}{\frac{2}{5}}$ .....इत्यादि।

6. वितत भिन्न (Continued Fraction)–वितत भिन्न की कोई निश्चित परिभाषा नहीं दी जा सकती है क्योंकि इनके अंश और हर में कोई नियमन नहीं होता। इन भिन्नों के कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं-

$$1+\frac{1}{1+\frac{1}{1+\frac{1}{1+\frac{1}{2}}}}, \quad 2+\frac{3}{1+\frac{4}{2-\frac{1}{3}}}, \text{..... इत्यादि।}$$

इन भिन्नों को हल करने के लिए नीचे से ऊपर की ओर के क्रम में हल किया जाता है।

❑ भिन्नों के कुछ महत्वपूर्ण गुण

(i) यदि किसी भिन्न के अंश और हर दोनों में किसी एक ही संख्या से भाग या गुणा कर दें, तो भिन्न के मान में (मूल्य में) कोई अंतर नहीं आता है।

जैसे- $\frac{3\div3}{9\div3}=\frac{1}{3}$ या $\frac{1\times2}{2\times2}=\frac{2}{4}$ या $\frac{4\div4}{16\div4}=\frac{1}{4}$

(ii) जब एक भिन्न में किसी दूसरी भिन्न से भाग करना हो, तो पहली भिन्न अर्थात भाज्य भिन्न में दूसरी भिन्न (भाजक भिन्न) को उलट कर गुणा कर देते हैं।

जैसे- $\frac{4}{7}\div\frac{1}{7}=\frac{4}{7}\times\frac{7}{1}=4$

(iii) यदि अंश और हर बराबर हो (एक ही संख्या हो), तो भिन्न का मान सदैव 1 होता है।

जैसे- $\frac{7}{7}=1, \frac{8}{8}=1$

(iv) यदि अंश शून्य हो, तो भिन्न का मान भी शून्य होता है। (हर को कभी भी शून्य नहीं लिया जाता)

जैसे- $\frac{0}{4}=0$

https://www.sarkarionlinejob.com/

❑ भिन्न की सामान्य संक्रियाएं

➲ भिन्नों की तुलना करना

भिन्नों की तुलना करने के लिए उनको ऐसी भिन्नों में बदलते हैं जिनका हर समान हो। इसके बाद जिस भिन्न का अंश बड़ा होगा, वह बड़ी भिन्न होगी और जिस भिन्न का अंश छोटा होगा, वह छोटी भिन्न होगी। अंश समान होने पर भिन्न भी समान होगी। हर समान करने के लिए हरों का ल.स. हर के रूप में ले लेते हैं।

☞ **उदाहरणार्थ एक प्रश्न देखें-**

प्रश्न : $\frac{2}{3}, \frac{4}{7}, \frac{5}{8}$ भिन्नों में बड़ी भिन्न ज्ञात कीजिए।

हल : हरों का ल.स. अर्थात 3, 7, 8 का ल.स. = 168

भिन्नों को निम्नलिखित रूप में लिखा जा सकता है-

$$\frac{2}{3}=\frac{2\times 56}{3\times 56}=\frac{112}{168}$$

$$\frac{4}{7}=\frac{4\times 24}{7\times 24}=\frac{96}{168}$$

$$\frac{5}{8}=\frac{5\times 21}{8\times 21}=\frac{105}{168}$$

अत: नए रूप में लिखी गई भिन्नों के अंशों से स्पष्ट है कि सबसे बड़ी भिन्न $\frac{2}{3}$ है। ⇒ **उत्तर**

नोट-यदि भिन्नों को आरोही क्रम में लिखना हो तो सबसे पहले छोटी भिन्न उसके बाद उससे बड़ी भिन्न फिर उससे बड़ी भिन्न इसी क्रम में बढ़ते हुए लिखते हैं।

अत: उपर्युक्त भिन्न का आरोही क्रम $\frac{4}{7}<\frac{5}{8}<\frac{2}{3}$ है।

❑ भिन्नों की तुलना करने के लिए कुछ अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

(a) यदि भिन्नों के हर समान हों, तो जिसका अंश बड़ा होगा वह भिन्न बड़ी होगी और जिसका अंश सबसे छोटा होगा वह भिन्न सबसे छोटी होगी।

☞ **उदाहरणार्थ एक प्रश्न देखें-**

प्रश्न- $\frac{2}{11}, \frac{3}{11}, \frac{5}{11}, \frac{7}{11}, \frac{9}{11}$ में सबसे बड़ी एवं सबसे छोटी भिन्न ज्ञात कीजिए।

हल : दी गई भिन्न $\frac{2}{11}, \frac{3}{11}, \frac{5}{11}, \frac{7}{11}, \frac{9}{11}$ हैं।

इन भिन्नों में हरों के मान समान अर्थात 11 हैं। अत: सबसे बड़ी भिन्न $\frac{9}{11}$ (क्योंकि इस भिन्न के अंश का मान सबसे अधिक है) तथा सबसे छोटी भिन्न $\frac{2}{11}$ (क्योंकि इस भिन्न के अंश का मान सबसे कम है) होगी।

(b) यदि भिन्नों के अंश समान हों, तो जिसका हर सबसे छोटा होगा वह भिन्न सबसे बड़ी होगी तथा जिसका हर सबसे बड़ा होगा वह भिन्न सबसे छोटी होगी।

☞ **उदाहरणार्थ एक प्रश्न देखें-**

प्रश्न- $\frac{5}{2}, \frac{5}{3}, \frac{5}{7}, \frac{5}{9}, \frac{5}{11}$ में सबसे बड़ी एवं सबसे छोटी भिन्न ज्ञात कीजिए।

हल : दी गई भिन्न $\frac{5}{2}, \frac{5}{3}, \frac{5}{7}, \frac{5}{9}, \frac{5}{11}$ हैं।

इन भिन्नों में अंश के मान समान अर्थात 5 हैं।

अत: सबसे बड़ी भिन्न $\frac{5}{2}$ (क्योंकि इस भिन्न के हर का मान सबसे कम है) तथा सबसे छोटी भिन्न $\frac{5}{11}$ (क्योंकि इस भिन्न के हर का मान सबसे अधिक है) होगी। ⇒ **उत्तर**

(c) दी गई भिन्नों को दशमलव भिन्न में बदलकर भी भिन्नों की तुलना की जा सकती है।

https://www.sarkarionlinejob.com/

☞ **उदाहरणार्थ एक प्रश्न देखें-**

प्रश्न- $\frac{2}{3}, \frac{3}{4}, \frac{4}{5}, \frac{5}{6}$ में सबसे बड़ी एवं सबसे छोटी भिन्न ज्ञात कीजिए-

हल : दी गई भिन्न $\frac{2}{3}, \frac{3}{4}, \frac{4}{5}, \frac{5}{6}$ हैं। अब दी गई भिन्नों को दशमलव में बदलते हैं।

$\frac{2}{3} = 0.6667$, $\frac{3}{4} = 0.75$ $\frac{4}{5} = 0.80$, $\frac{5}{6} = 0.833$

अत: सबसे बड़ी भिन्न $\frac{5}{6}$ तथा सबसे छोटी भिन्न $\frac{2}{3}$ है।

$\Rightarrow$ **उत्तर**

(d) यदि अनेक भिन्नों में से, सभी भिन्नों के अंश एवं हर की संख्याओं का अंतर एक समान हो तो **बड़ी संख्याओं वाली भिन्न सबसे बड़ी एवं छोटी संख्याओं वाली भिन्न सबसे छोटी** होगी परंतु हर में दी गई संख्या अंश में दी गई संख्या से अधिक होनी चाहिए।

☞ **उदाहरणार्थ एक प्रश्न देखें**

प्रश्न- $\frac{3}{7}, \frac{11}{15}, \frac{19}{23}, \frac{35}{39}$ में सबसे बड़ी भिन्न एवं सबसे छोटी भिन्न ज्ञात कीजिए।

हल : दी गई भिन्न $\frac{3}{7}, \frac{11}{15}, \frac{19}{23}, \frac{35}{39}$ है। सभी भिन्नों के अंश एवं हर का अंतर समान (4) है। अत: सबसे बड़ी संख्या वाली भिन्न $\frac{35}{39}$ सबसे बड़ी होगी तथा सबसे छोटी संख्या वाली भिन्न $\frac{3}{7}$ सबसे छोटी होगी।

देखें- $\frac{3}{7} = .4285$, $\frac{11}{15} = .733$,

$\frac{19}{23} = .826$, $\frac{35}{39} = .8974$

अत: सबसे बड़ी भिन्न $\frac{35}{39}$ तथा सबसे छोटी भिन्न $\frac{3}{7}$ होगी।

$\Rightarrow$ **उत्तर**

➲ **भिन्नों का जोड़**

भिन्नों को जोड़ने के लिए सर्वप्रथम भिन्न के हरों का ल.स. लेकर भिन्नों के हर समान कर लेते हैं फिर अंशों को जोड़कर जो नई भिन्न प्राप्त होती है वह दी गई भिन्नों का योग होता है।

☞ **उदाहरणार्थ एक प्रश्न देखें**

प्रश्न : भिन्न $\frac{1}{3}, \frac{3}{7}$ एवं $\frac{7}{8}$ का योगफल ज्ञात कीजिए।

हल : $\frac{1}{3} + \frac{3}{7} + \frac{7}{8}$

हरों का ल.स. अर्थात 3, 7, 8 का ल. स. =

2	3, 7, 8
2	3, 7, 4
2	3, 7, 2
3	3, 7, 1
7	1, 7, 1
	1, 1, 1

ल.स. $= 2 \times 2 \times 2 \times 3 \times 7 = 168$

$\frac{1}{3} = \frac{1 \times 56}{3 \times 56} = \frac{56}{168}$

$\frac{3}{7} = \frac{3 \times 24}{7 \times 24} = \frac{72}{168}$

$\frac{7}{8} = \frac{7 \times 21}{8 \times 21} = \frac{147}{168}$

अत: $\frac{1}{3} + \frac{3}{7} + \frac{7}{8} = \frac{56}{168} + \frac{72}{168} + \frac{147}{168}$

$= \frac{275}{168} \Rightarrow$ **उत्तर**

☞ **भिन्नों के जोड़ का एक और स्वरूप देखें**

$\frac{2}{3} + \frac{1}{6} = ?$

उपर्युक्त दी गई प्रथम भिन्न के अंश का दूसरे भिन्न के हर में गुणा करके तथा दूसरे भिन्न के अंश का प्रथम भिन्न के हर में

https://www.sarkarionlinejob.com/

गुणा करके जोड़ देते हैं जो कि अंश के रूप में प्राप्त होगी तथा दोनों भिन्नों के हरों का आपस में गुणा करके गुणनफल को हर के रूप में लिख देते हैं। इस प्रकार जो भिन्न प्राप्त होगी वह अभीष्ट भिन्न होगी।

देखें- $\frac{2}{3} \times \frac{1}{6}$

$= \frac{2\times6+3\times1}{3\times6} = \frac{12+3}{18} = \frac{15}{18}$ अभीष्ट योग होगा।

➲ भिन्नों का घटाना

भिन्नों को घटाने के लिए, सर्वप्रथम भिन्नों के हरों का ल.स. लेकर भिन्नों के हर समान कर लेते हैं और फिर अंशों को घटाकर जो नई भिन्न प्राप्त होती है, वह दी गई भिन्नों का अंतर होता है।

☞ उदाहरणार्थ एक प्रश्न देखें-

प्रश्न : $\frac{2}{3} - \frac{1}{6} = ?$

हल : भिन्न $\frac{2}{3} - \frac{1}{6}$ में हरों का ल.स. अर्थात 3,

6 का ल.स. =

2	3,	6
3	3,	3
	1,	1

ल.स. $= 2\times3 = 6$

$\frac{2}{3} = \frac{2\times2}{3\times2} = \frac{4}{6}$

$\frac{1}{6} = \frac{1\times1}{6\times1} = \frac{1}{6}$

$\frac{2}{3} - \frac{1}{6} = \frac{4}{6} - \frac{1}{6}$

$= \frac{3}{6}$ या $\frac{3\div3}{6\div3} = \frac{1}{2}$ ⇒ **उत्तर**

➲ भिन्नों के घटाव का एक और स्वरूप देखें

उपर्युक्त दी गई भिन्न के प्रथम भिन्न के अंश का दूसरे भिन्न के हर में गुणा करके लिख देते हैं फिर दूसरे भिन्न के अंश का पहले भिन्न के हर में गुणा करके दोनों का अंतर ज्ञात करते हैं। इस प्रकार प्राप्त प्रतिफल अंश के रूप में तथा पहले भिन्न के हर का दूसरे भिन्न के हर में गुणा करने पर प्राप्त गुणनफल हर के रूप में लिखते हैं। इस प्रकार प्राप्त भिन्न अभीष्ट भिन्न होगी।

देखें

$\frac{2}{3} \times \frac{1}{6}$

$= \frac{2\times6-3\times1}{3\times6} = \frac{12-3}{18} = \frac{9}{18} = \frac{1}{2}$ अभीष्ट घटाव होगा।

➲ भिन्नों का गुणा

भिन्नों का गुणनफल निकालने के लिए अंशों का गुणा करके नया अंश तथा हरों का गुणा करके नया हर प्राप्त कर लेते हैं। इस नए अंश व नए हर से बनी भिन्न ही गुणनफल होती है।

☞ उदाहरणार्थ एक प्रश्न देखें

प्रश्न : $\frac{2}{3} \times \frac{4}{7} \times \frac{5}{8} = ?$

हल : $\frac{2}{3} \times \frac{4}{7} \times \frac{5}{8} = \frac{\text{अंश का अंश में गुणा}}{\text{हर का हर में गुणा}}$

$= \frac{2\times4\times5}{3\times7\times8} = \frac{40\div8}{168\div8}$

$= \frac{5}{21}$ (8 से अंश एवं हर दोनों में भाग देने पर) ⇒ **उत्तर**

➲ भिन्नों का भाग

एक भिन्न का दूसरी भिन्न से भाग देने के लिए, पहली भिन्न (भाज्य भिन्न) को दूसरी भिन्न (भाजक भिन्न) के व्युत्क्रम से गुणा करते हैं।

☞ उदाहरणार्थ एक प्रश्न देखें

प्रश्न : $\frac{3}{7} \div \frac{2}{5} = ?$

हल : $\frac{3}{7} \div \frac{2}{5} = \frac{3}{7} \times \frac{5}{2}$

https://www.sarkarionlinejob.com/

$\left(\frac{x}{y} \div \frac{m}{n} = \frac{x}{y} \times \frac{n}{m}\right.$ **सूत्र का प्रयोग किया गया)**

$= \frac{15}{14} \Rightarrow$ **उत्तर**

(अंश का अंश में तथा हर का हर में गुणा किया गया)

➲ **भिन्नों का ल.स. तथा म.स.**

(i) भिन्नों का ल.स. ज्ञात करने के लिए सर्वप्रथम अंशों का ल.स. ज्ञात करते हैं फिर हरों का म.स.। इस प्रकार नए अंश एवं नए हर से बनी भिन्न, भिन्नों का ल.स. होगी।

☞ **उदाहरणार्थ एक प्रश्न देखें-**

प्रश्न : $\frac{2}{3}, \frac{1}{5}, \frac{3}{7}$ का ल.स. = ?

हल : भिन्न $\frac{2}{3}, \frac{1}{5}, \frac{3}{7}$ में

अंशों का ल.स. अर्थात 2, 1, 3 का ल.स. =

2	2,	1,	3
3	1,	1,	3
	1,	1,	1

ल.स. $= 2 \times 3 = 6$

हरों का म.स. अर्थात 3, 5, 7 का म.स. =

$3 = 1 \times 3$

$5 = 1 \times 5$

$7 = 1 \times 7$

म.स. = 1 (क्योंकि 1 Common Factor है)

अत: भिन्न $\frac{2}{3}, \frac{1}{5}, \frac{3}{7}$ का ल.स. $= \frac{\text{अंशों का ल.स.}}{\text{हरों का म.स.}}$

$= \frac{6}{1} = 6$ अभीष्ट होगा। $\Rightarrow$ **उत्तर**

(ii) भिन्नों का म.स. ज्ञात करने के लिए सर्वप्रथम अंशों का म.स. ज्ञात करते हैं फिर हरों का ल.स.। इस प्रकार नए अंश एवं नए हर से बनी भिन्न, भिन्नों का म.स. होगी।

☞ **उदाहरणार्थ एक प्रश्न देखें-**

प्रश्न : $\frac{2}{3}, \frac{1}{5}, \frac{3}{7}$ का म.स. = ?

हल : भिन्न $\frac{2}{3}, \frac{1}{5}, \frac{3}{7}$ में

अंशों का म.स. अर्थात 2, 1, 3 का म.स. =

$2 = 1 \times 2$

$1 = 1 \times 1$

$3 = 1 \times 3$

म.स. = 1 (क्योंकि 1 Common factor है।)

हरों का ल.स. अर्थात 3, 5, 7 का ल.स. =

3	3,	5,	7
5	1,	5,	7
7	1,	1,	7
	1,	1,	1

ल.स. $= 3 \times 5 \times 7 = 105$

नोट-अभाज्य संख्याओं का म.स. हमेशा 1 तथा ल.स. हमेशा संख्याओं का गुणनफल होता है।

चूंकि संख्याएं 3, 5, 7 अभाज्य हैं इसलिए संख्याओं का ल.स. = संख्याओं का गुणनफल

$= 3 \times 5 \times 7 = 105$

अत: भिन्न $\frac{2}{3}, \frac{1}{5}, \frac{3}{7}$ का म.स. $= \frac{\text{अंशों का म.स.}}{\text{हरों का ल.स.}}$

$= \frac{1}{105}$ अभीष्ट होगा। $\Rightarrow$ **उत्तर**

➲ **दशमलव भिन्न**

यदि भिन्न का हर 10 या 10 की कोई घात हो तथा उसे दशमलव पद्धति में लिखा जाए, तो वह भिन्न दशमलव भिन्न कहलाती है। जैसे $\frac{7}{10}$ तथा $\frac{9}{100}$ को दशमलव रूप में लिखने पर क्रमश: 0.7 तथा 0.09 दशमलव भिन्न प्राप्त होती है।

दशमलव भिन्न की संक्रियाएं पूर्व में बताई गई भिन्नों की संक्रिया की तरह करना होता है।

➲ **भिन्नों का सरलीकरण कैसे करें ?**

भिन्न के प्रश्नों को हल करते समय विभिन्न गणितीय चिह्न जैसे कोष्ठक, भाग, गुणा, जोड़, घटाव.... इत्यादि रहते हैं।

https://www.sarkarionlinejob.com/

इनको हल करते समय BODMAS नियम का प्रयोग करते हैं।

अब BODMAS नियम क्या है ?

B = Brackets First (कोष्ठक को पहले हल करते हैं)

O = Orders या of (जैसे-किसी संख्या की घात..... इत्यादि)

D = Division (भाग)

M = Multiplication (गुणा)

A = Addition (जोड़)

and

S = Subtraction (घटाव)

इसी क्रम में दी गई संख्या या दी गई भिन्न को हल करते हैं।

नोट-कोष्ठकों का प्रतीक चिह्न छोटा कोष्ठक ( ), मझला कोष्ठक { } एवं बड़ा कोष्ठक [ ] है। कोष्ठक को हल करने का क्रम-सबसे पहले छोटा कोष्ठक फिर मझला कोष्ठक और अंत में बड़ा कोष्ठक हल किया जाता है।

उदाहरणार्थ प्रश्न

प्रश्न 1. $\left(2\frac{1}{4}\right)^{-\frac{1}{2}}+(27)^{-\frac{2}{3}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : $\left(2\frac{1}{4}\right)^{-\frac{1}{2}}+(27)^{-\frac{2}{3}}$

$=\left(\frac{9}{4}\right)^{-\frac{1}{2}}+(27)^{-\frac{2}{3}}$

$=\left[\left(\frac{3}{2}\right)^{2}\right]^{-\frac{1}{2}}+\left(3^{3}\right)^{-\frac{2}{3}}$

$\left[\frac{9}{4}=\left(\frac{3}{2}\right)^{2}\right.$ **और** $\left.27=3^{3}\right.$ **लिखा गया**$\left.\right]$

$=\left(\frac{3}{2}\right)^{2\times-\frac{1}{2}}+3^{3\times-\frac{2}{3}}$

[घातांक के नियमानुसार घात का घात में गुणा किया गया]

$=\left(\frac{3}{2}\right)^{-1}+\left(\frac{3}{1}\right)^{-2}$

$=\left(\frac{2}{3}\right)^{1}+\frac{1}{3^{2}}$

$\left[\left(\frac{a}{b}\right)^{-n}=\left(\frac{b}{a}\right)^{n}\right.$ **का प्रयोग किया गया**$\left.\right]$

$=\frac{2}{3}+\frac{1}{9}$

$=\frac{6+1}{9}=\frac{7}{9}\Rightarrow$ **उत्तर**

(3 और 9 का ल.स. लेकर भिन्न को हल किया गया)

प्रश्न 2. $\frac{.572\times.572-.572\times.428+.428\times.428}{(.572)^{3}+(.428)^{3}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल :

$\frac{.572\times.572-.572\times.428+.428\times.428}{(.572)^{3}+(.428)^{3}}$

$=\frac{(.572)^{2}-.572\times.428+(.428)^{2}}{(.572)^{3}+(.428)^{3}}$

[हर में सूत्र $a^3+b^3=(a+b)(a^2-ab+b^2)$ का प्रयोग करने पर। जहां $a=.572$ तथा $b=.428$ है]

$=\frac{\{(.572)^{2}-.572\times.428+(.428)^{2}\}}{(.572+.428)\{(.572)^{2}-.572\times.428+(.428)^{2}\}}$

$=\frac{1}{.572+.428}$

[अंश एवं हर के मझले कोष्ठक कट गए]

$=\frac{1}{1.000}=1\Rightarrow$ **उत्तर**

https://www.sarkarionlinejob.com/

प्रश्न 3. $\dfrac{7.85\times7.85-2.15\times2.15}{(7.85-2.15)}$

$-\dfrac{\frac{1}{3}+\frac{1}{5}\div\frac{1}{7}}{\frac{1}{9}\div\left(\frac{1}{2}+\frac{1}{13}\right)}$ को सरल कीजिए।

हल : प्रथम भिन्न =

$$\frac{7.85\times7.85-2.15\times2.15}{(7.85-2.15)}$$

$$=\frac{(7.85)^2-(2.15)^2}{(7.85-2.15)}$$

[यहां अंश को a^2-b^2 के रूप में लिखा गया है]

$$=\frac{(7.85+2.15)(7.85-2.15)}{(7.85-2.15)}$$

[अंश में $a^2-b^2=(a+b)(a-b)$ का प्रयोग किया गया]

$$=7.85+2.15=\mathbf{10.00}$$

अब द्वितीय भिन्न $=\dfrac{\frac{1}{3}+\frac{1}{5}\div\frac{1}{7}}{\frac{1}{9}\div\left(\frac{1}{2}+\frac{1}{13}\right)}$

[BODMAS के नियमानुसार अंश और हर को हल किया जाएगा]

$$\frac{\frac{1}{3}+\frac{1}{5}\times\frac{7}{1}}{\frac{1}{9}\div\left(\frac{13+2}{26}\right)}=\frac{\frac{1}{3}+\frac{7}{5}}{\frac{1}{9}\div\frac{15}{26}}$$

[अंश में $\frac{1}{7}$ को उलट कर गुणा किया गया तथा हर में BODMAS के नियमानुसार कोष्ठक को हटाया गया]

$$=\frac{\frac{5+21}{15}}{\frac{1}{9}\times\frac{26}{15}}=\frac{\frac{26}{15}}{\frac{26}{9\times15}}$$

$$=\frac{26}{15}\times\frac{9\times15}{26}$$

$$=9$$

[नीचे वाली भिन्नों को उलट कर गुणा किया गया]

अब पूरा व्यंजक

$$=\frac{7.85\times7.85-2.15\times2.15}{(7.85-2.15)}-\frac{\frac{1}{3}+\frac{1}{5}\div\frac{1}{7}}{\frac{1}{9}\div\left(\frac{1}{2}+\frac{1}{13}\right)}$$

$=10-9=1$ $\Rightarrow$ **उत्तर**

(उपर्युक्त हल के अनुरुप दोनों भिन्नों का मान रखा गया)

प्रश्न 4. $\dfrac{\frac{1}{5}\div\frac{1}{5}\text{ का }\frac{1}{5}}{\frac{1}{5}\text{ का }\frac{1}{5}\div\frac{1}{5}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : $\dfrac{\frac{1}{5}\div\frac{1}{5}\text{ का }\frac{1}{5}}{\frac{1}{5}\text{ का }\frac{1}{5}\div\frac{1}{5}}=\dfrac{\frac{1}{5}\div\frac{1}{5}\times\frac{1}{5}}{\frac{1}{5}\times\frac{1}{5}\div\frac{1}{5}}$

[BODMAS नियमानुसार सबसे पहले 'का' को तोड़ा गया]

$$\frac{\frac{1}{5}\div\frac{1}{25}}{\frac{1}{25}\div\frac{1}{5}}=\frac{\frac{1}{5}\times\frac{25}{1}}{\frac{1}{25}\times\frac{5}{1}}$$

$\left[\frac{1}{5}\div\frac{1}{25}$ को $\frac{1}{5}\times\frac{25}{1}$ के रूप में तथा $\frac{1}{25}\div\frac{1}{5}=\frac{1}{25}\times\frac{5}{1}$ के रूप में लिखा गया]

$$=\frac{\frac{5}{1}}{\frac{1}{5}}=\frac{5}{1}\times\frac{5}{1}$$

https://www.sarkarionlinejob.com/

$$\left[\frac{\frac{a}{b}}{\frac{c}{d}} = \frac{a}{b} \times \frac{d}{c} \text{ के रूप में लिखा गया}\right]$$

$= 25 \Rightarrow$ उत्तर

प्रश्न 5. $\left(5-\frac{1}{5}\right) \times \frac{1}{\frac{46}{5} - \frac{3}{1-\frac{2}{3}}}$ को सरल कीजिए।

हलः प्रथम पद $= \left(5-\frac{1}{5}\right) = \left(\frac{5}{1}-\frac{1}{5}\right)$

$$= \frac{25-1}{5} = \frac{24}{5}$$

द्वितीय पद $= \frac{1}{\frac{46}{5} - \frac{3}{1-\frac{2}{3}}} = \frac{1}{\frac{46}{5} - \frac{3}{\frac{3-2}{3}}}$

(हर में $1-\frac{2}{3}$ को हल किया गया)

$$= \frac{1}{\frac{46}{5} - \frac{3}{\frac{1}{3}}}$$

$$= \frac{1}{\frac{46}{5} - 3 \times \frac{3}{1}} = \frac{1}{\frac{46}{5} - \frac{9}{1}}$$

(हर में $\frac{a}{\frac{b}{c}} = a \times \frac{c}{b}$ का प्रयोग किया गया)

$$= \frac{1}{\frac{46-45}{5}} = \frac{1}{\frac{1}{5}} = 1 \times \frac{5}{1} = 5 \Rightarrow \text{उत्तर}$$

(हर में 5, 1 का ल.स. लेकर हल किया गया फिर प्रतिफल $\frac{1}{\frac{1}{5}}$ में $\frac{a}{\frac{b}{c}} = a \times \frac{c}{b}$ का प्रयोग किया गया)

प्रश्न 6. $\frac{10^{\frac{2}{5}} \times 10^{\frac{3}{5}}}{\left[\left\{\left(\sqrt[3]{128}\right)^{-5}\right\}^{3/7}\right]^{-\frac{1}{5}}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल :

$$\frac{10^{\frac{2}{5}} \times 10^{\frac{3}{5}}}{\left[\left\{\left(\sqrt[3]{128}\right)^{-5}\right\}^{3/7}\right]^{-\frac{1}{5}}} = \frac{10^{\frac{2}{5}+\frac{3}{5}}}{\left[\left\{\left(128^{1/3}\right)^{-5}\right\}^{3/7}\right]^{-\frac{1}{5}}}$$

[यहां अंश में घातांक के सूत्र $a^m . a^n = a^{m+n}$ का प्रयोग किया ide nwDajv nj ce $\sqrt[3]{128}$ को $128^{1/3}$ लिखा गया]

$$= \frac{10^{\frac{5}{5}}}{(128)^{\frac{1}{3} \times (-5) \times \frac{3}{7} \times \left(-\frac{1}{5}\right)}}$$

[हर में सूत्र $\left[\left\{\left(a^m\right)^n\right\}^l\right]^t = a^{m.n.l.t.}$ का प्रयोग किया गया अर्थात आधार 128 के सभी घातों का आपस में गुणा किया गया]

$$= \frac{10^1}{(128)^{\frac{1}{7}}} = \frac{10}{(2^7)^{\frac{1}{7}}} = \frac{10}{2^{7 \times \frac{1}{7}}}$$

[यहां 128 को 2^7 के रूप लिखा गया जिससे $2^{7 \times \frac{1}{7}} = 2$ होगा]

$$= \frac{10}{2} = 5 \Rightarrow \text{उत्तर}$$

https://www.sarkarionlinejob.com/

प्रश्न 7. $\dfrac{1}{2+\dfrac{1}{2+\dfrac{1}{5-\dfrac{1}{5}}}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : $\dfrac{1}{2+\dfrac{1}{2+\dfrac{1}{\dfrac{5}{1}-\dfrac{1}{5}}}}=\dfrac{1}{2+\dfrac{1}{2+\dfrac{1}{\dfrac{25-1}{5}}}}$

(मिश्र भिन्न के हर $5-\dfrac{1}{5}$ का ल.स. लिया गया)

$$=\frac{1}{2+\dfrac{1}{2+\dfrac{1}{\dfrac{24}{5}}}}=\frac{1}{2+\dfrac{1}{2+\dfrac{5}{24}}}$$

$\left[\dfrac{\dfrac{a}{b}}{c}=a\times\dfrac{c}{b}\right.$ **के रूप में** $\dfrac{1}{\dfrac{24}{5}}$ **को** $1\times\dfrac{5}{24}=\dfrac{5}{24}$ **लिखा गया]**

$$=\frac{1}{2+\dfrac{1}{\dfrac{48+5}{24}}}=\frac{1}{2+\dfrac{1}{\dfrac{53}{24}}}=\frac{1}{2+\dfrac{24}{53}}$$

$\left[2+\dfrac{5}{24}\right.$ **को जोड़कर प्राप्त प्रतिफल को** $\dfrac{\dfrac{a}{b}}{c}=a\times\dfrac{c}{b}$ **के रूप में** $\left.\left(\dfrac{1}{\dfrac{53}{24}}=\dfrac{24}{53}\right)\text{ लिखा गया}\right]$

$$=\frac{1}{\dfrac{106+24}{53}}=\frac{1}{\dfrac{130}{53}}=\frac{53}{130}\Rightarrow \textbf{उत्तर}$$

$\left[2+\dfrac{24}{53}\right.$ **को जोड़कर प्राप्त प्रतिफल** $\left.\left(\dfrac{1}{\dfrac{130}{53}}\right)\right.$ **को** $\dfrac{\dfrac{a}{b}}{c}=a\times\dfrac{c}{b}$ **के रूप में अर्थात** $1\times\dfrac{53}{130}=\dfrac{53}{130}$ **लिखा गया]**

प्रश्न 8. भिन्न $\dfrac{2}{7},\dfrac{5}{6},\dfrac{3}{8},\dfrac{3}{5}$ को आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

हल : दी गई भिन्न $\dfrac{2}{7},\dfrac{5}{6},\dfrac{3}{8},\dfrac{3}{5}$ हैं।

$\dfrac{2}{7}=.285$

$\dfrac{5}{6}=.833$

$\dfrac{3}{8}=.375$

$\dfrac{3}{5}=.60$

अतः सबसे छोटी भिन्न $\dfrac{2}{7}$ है, $\dfrac{2}{7}$ से बड़ी $\dfrac{3}{8}$ है, $\dfrac{3}{8}$ से बड़ी $\dfrac{3}{5}$ तथा $\dfrac{3}{5}$ से बड़ी $\dfrac{5}{6}$ अर्थात सबसे बड़ी भिन्न $\dfrac{5}{6}$ है।

इस प्रकार उपर्युक्त भिन्नों को आरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर प्राप्त आरोही भिन्नें $=\dfrac{2}{7}<\dfrac{3}{8}<\dfrac{3}{5}<\dfrac{5}{6}$

$\Rightarrow$ **उत्तर**

प्रश्न 9. भिन्न $\dfrac{1}{4},\dfrac{8}{11},\dfrac{14}{17}$ में सबसे बड़ी एवं सबसे छोटी भिन्न ज्ञात कीजिए।

हल : दी गई भिन्न $\dfrac{1}{4},\dfrac{8}{11},\dfrac{14}{17}$ हैं।

https://www.sarkarionlinejob.com/

सभी भिन्नों के अंश एवं हर में समान अंतर (3) है। इसलिए सबसे बड़ी संख्या वाली भिन्न सबसे बड़ी तथा सबसे छोटी संख्या वाली भिन्न सबसे छोटी होगी।

अत: भिन्न $\frac{14}{17}$ सबसे बड़ी तथा भिन्न $\frac{1}{4}$ सबसे छोटी होगी।

देखें- $\frac{1}{4} = .25$

$\frac{8}{11} = .7272$

$\frac{14}{17} = .8235$

अत: भिन्न $\frac{14}{17}$ सबसे बड़ी तथा भिन्न $\frac{1}{4}$ सबसे छोटी होगी।

$\Rightarrow$ **उत्तर**

प्रश्न 10. $\frac{7}{8}+\frac{3}{5}+\frac{11}{15}$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : भिन्न $\frac{7}{8}+\frac{3}{5}+\frac{11}{15}$ में हर 8, 5, 15 का ल.स. ज्ञात करते हैं।

8, 5, 15 का ल.स. =

2	8, 5, 15
2	4, 5, 15
2	2, 5, 15
3	1, 5, 15
5	1, 5, 5
	1, 1, 1

ल.स. $= 2\times2\times2\times3\times5 = 120$

अब $\frac{7}{8}+\frac{3}{5}+\frac{11}{15} = \frac{15\times7+24\times3+8\times11}{120}$

$= \frac{105+72+88}{120}$

$= \frac{265}{120} = \frac{53}{24} \Rightarrow$ **उत्तर**

प्रश्न 11. $\left\{\frac{2}{3}\div\left(2\frac{2}{3}-2\right)\right\}$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : **नोट**-सबसे पहले छोटे कोष्ठक को हल किया जाता है, फिर मझले कोष्ठक तथा अंत में बड़े कोष्ठक को हल किया जाता है।

$$\left\{\frac{2}{3}\div\left(2\frac{2}{3}-2\right)\right\} = \left\{\frac{2}{3}\div\left(\frac{8}{3}-2\right)\right\}$$

$$= \left\{\frac{2}{3}\div\left(\frac{8-6}{3}\right)\right\}$$

$$= \left\{\frac{2}{3}\div\frac{2}{3}\right\} = 1 \Rightarrow \textbf{उत्तर}$$

[किसी संख्या का उसी संख्या में भाग देने पर भागफल 1 प्राप्त होता है, यहां $\frac{2}{3}\div\frac{2}{3}$ का प्रतिफल 1 होगा।]

प्रश्न 12. $\frac{1.35\times1.35-2.40\times1.35+1.20\times1.20}{(1.35-1.20)}$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल :

$$\frac{1.35\times1.35-2.40\times1.35+1.20\times1.20}{(1.35-1.20)}$$

$$= \frac{1.35\times1.35-2\times1.20\times1.35+1.20\times1.20}{(1.35-1.20)}$$

[यहां 2.40 = 2× 1.20 लिखा गया है जिससे अंश का मान $a^2-2ab+b^2$ के रूप में हो जाए]

$$= \frac{(1.35-1.20)^2}{(1.35-1.20)}$$

$$= \frac{(1.35-1.20)\times(1.35-1.20)}{(1.35-1.20)}$$

https://www.sarkarionlinejob.com/

[$a^2-2ab+b^2=(a-b)^2$ सूत्र का प्रयोग किया गया यहां a = 1.35 एवं b = 1.20 है]

$= 1.35 - 1.20 = 0.15 \Rightarrow$ **उत्तर**

प्रश्न 13. $\left[\frac{2.75\times2.75\times2.75-2.25\times2.25\times2.25}{2.75\times2.75+2.75\times2.25+2.25\times2.25}\right]$ का सरलतम मान ज्ञात कीजिए।

हल :

$$\left[\frac{2.75\times2.75\times2.75-2.25\times2.25\times2.25}{2.75\times2.75+2.75\times2.25+2.25\times2.25}\right]$$

$$=\frac{(2.75)^3-(2.25)^3}{\left\{(2.75)^2+2.75\times2.25+(2.25)^2\right\}}$$

$$=\frac{(2.75-2.25)\{(2.75)^2+2.75\times2.25+(2.25)^2\}}{\{(2.75)^2+2.75\times2.25+(2.25)^2\}}$$

[$(a^3-b^3)=(a-b)(a^2+ab+b^2)$ का प्रयोग किया गया है। यहां a = 2.75 एवं b = 2.25 है]

$= 2.75 - 2.25 = 0.50 \Rightarrow$ **उत्तर**

[अंश का मझला कोष्ठक हर के मझला कोष्ठक से कट जाएगा क्योंकि दोनों कोष्ठक के अंदर सब कुछ समान है]

प्रश्न 14. $\frac{1}{1-a+a^2}-\frac{1}{1+a^2+a}-\frac{2a}{1+a^2+a^4}$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल :

$$\frac{1}{1-a+a^2}-\frac{1}{1+a^2+a}-\frac{2a}{1+a^2+a^4}$$

$$=\frac{1}{(a^2+1)-a}-\frac{1}{(a^2+1)+a}-\frac{2a}{a^4+1+a^2}$$

$$=\frac{(a^2+1+a)-(a^2+1-a)}{[(a^2+1)^2-a^2]}-\frac{2a}{a^4+1+a^2}$$

[पहली दो भिन्नों के हरों का ल.स. लेकर उनको हल किया गया]

$$=\frac{a^2+1+a-a^2-1+a}{a^4+1+2a^2-a^2}-\frac{2a}{a^4+1+a^2}$$

$$=\frac{a+a}{a^4+1+a^2}-\frac{2a}{a^4+1+a^2}$$

$$=\frac{2a}{a^4+1+a^2}-\frac{2a}{a^4+1+a^2}=0 \Rightarrow$$ **उत्तर**

[किसी संख्या को उसी संख्या से घटाने पर प्रतिफल शून्य आता है।]

प्रश्न 15. $\frac{a^2}{(a-b)(a-c)}+\frac{b^2}{(b-c)(b-a)}+\frac{c^2}{(c-a)(c-b)}$ का सरलतम मान ज्ञात कीजिए।

हल :

$$\frac{a^2}{(a-b)(a-c)}+\frac{b^2}{(b-c)(b-a)}+\frac{c^2}{(c-a)(c-b)}$$

$$=\frac{a^2}{-(a-b)(c-a)}+\frac{b^2}{-(b-c)(a-b)}+\frac{c^2}{-(c-a)(b-c)}$$

[तीनों भिन्नों को (चाक्रीय क्रम) Cyclic Order में करने के लिए प्रत्येक हर में से ऋण चिह्न Common लिया गया है]

$$=\frac{-a^2}{(a-b)(c-a)}+\frac{-b^2}{(b-c)(a-b)}+\frac{-c^2}{(c-a)(b-c)}$$

$$=\frac{-a^2(b-c)-b^2(c-a)-c^2(a-b)}{(a-b)(b-c)(c-a)}$$

[तीनों भिन्नों के हरों का ल.स. लिया गया है]

$$=\frac{-a^2b+a^2c-b^2c+b^2a-ac^2+bc^2}{(a-b)(b-c)(c-a)}$$

$$=\frac{-a^2b+b^2a+a^2c-b^2c-ac^2+bc^2}{(a-b)(b-c)(c-a)}$$

https://www.sarkarionlinejob.com/

$$= \frac{-ab(a-b)+c(a^2-b^2)-c^2(a-b)}{(a-b)(b-c)(c-a)}$$

[दो-दो का समूह बनाकर Common लिया गया है]

$$= \frac{-ab(a-b)+c(a-b)(a+b)-c^2(a-b)}{(a-b)(b-c)(c-a)}$$

[अंश में $a^2-b^2=(a-b)(a+b)$ लिखा गया है]

$$= \frac{(a-b)[-ab+c(a+b)-c^2]}{(a-b)(b-c)(c-a)}$$

[पूरे अंश में से (a–b) Common लिया गया है]

$$= \frac{(a-b)[-ab+ca+bc-c^2]}{(a-b)(b-c)(c-a)}$$

$$= \frac{(a-b)[-a(b-c)+c(b-c)]}{(a-b)(b-c)(c-a)}$$

$$= \frac{(a-b)(b-c)(c-a)}{(a-b)(b-c)(c-a)} = 1 \quad \Rightarrow \textbf{उत्तर}$$

[अंश में (b– c) Common लिया गया है।]

प्रश्न 16. किसी संख्या का $\frac{1}{5}$ उसके $\frac{1}{7}$ से 10 अधिक है। वह संख्या ज्ञात कीजिए।

हल : परंपरागत विधि

माना संख्या x है।

प्रश्नानुसार

$$x \times \frac{1}{5} = \frac{x}{7} + 10$$

$$\frac{x}{5} = \frac{x}{7} + 10$$

पक्षांतर करने पर

$$\frac{x}{5} - \frac{x}{7} = 10$$

$$\frac{7x-5x}{35} = 10$$

[हर संख्याओं 5, 7 का ल.स. लिया गया]

$$\frac{2x}{35} = \frac{10}{1}$$

$$2x = 35 \times 10 \Rightarrow 2x = 350$$

$$x = \frac{350}{2} = 175$$

अत: वह संख्या 175 होगी। $\Rightarrow$ **उत्तर**

अंकगणितीय विधि

माना संख्या = 35

संख्या का $\frac{1}{5} = 35 \times \frac{1}{5} = 7$

संख्या का $\frac{1}{7} = 35 \times \frac{1}{7} = 5$

संख्याओं में अंतर $= 7 - 5 = 2$

यदि अंतर 2 है तो संख्या = 35

यदि अंतर 10 है तो संख्या $= \frac{10}{2} \times 35 = 175 \Rightarrow$ **उत्तर**

प्रश्न 17. 85 मीटर लंबी एक छड़ को दो भागों में बांटा गया है। यदि एक भाग दूसरे भाग का $\frac{2}{3}$ है, तो लंबे भाग की लंबाई क्या होगी ?

हल : परंपरागत विधि

माना 85 मीटर लंबी एक छड़ का पहला भाग x मीटर है, तो दूसरा भाग पहले भाग का $\frac{2}{3}$ अर्थात x का $\frac{2}{3} = \frac{2x}{3}$ होगा।

पहला भाग + दूसरा भाग = 85

$$\frac{x}{1} + \frac{2x}{3} = 85$$

$$\frac{3x+2x}{3} = \frac{85}{1}$$

https://www.sarkarionlinejob.com/

$$\frac{5x}{3} = \frac{85}{1}$$

$$5x = 85 \times 3$$

(तिर्यक गुणा किया गया)

$$x = \frac{85 \times 3}{5} = 17 \times 3 = 51 \Rightarrow \textbf{उत्तर}$$

अत: लंबा भाग 51 मीटर होगा।

अनुपात विधि

एक भाग दूसरे भाग का $\frac{2}{3}$ है

अत: एक भाग 1 है तो दूसरा भाग $\frac{2}{3}$ है।

दोनों भागों में अनुपात = $1 : \frac{2}{3} = 3 : 2$

85 मीटर को 2 : 3 में विभाजित करने पर

लंबा भाग = $85 \times \frac{2}{3} = 17 \times 3 = 51$ मीटर $\Rightarrow$ **उत्तर**

प्रश्न 18. एक व्यक्ति अपनी आय का $\frac{1}{3}$ भोजन पर, अपनी आय का $\frac{2}{5}$ मकान पर तथा अपनी आय का $\frac{1}{5}$ कपड़ों पर व्यय करता है। यदि उसके पास अभी भी 400 रु. शेष रहते हैं, तो उसकी आय क्या होगी ?

हल : परंपरागत विधि

माना व्यक्ति की आय x रु. हो, तो खर्च करता है

आय का $\frac{1}{3}$ भोजन पर $= \frac{x}{3}$

आय का $\frac{2}{5}$ मकान किराए पर $= \frac{2x}{5}$

आय का $\frac{1}{5}$ कपड़ों पर $= \frac{x}{5}$

खर्चे के बाद आय का शेष भाग

$$= x - \left(\frac{x}{3} + \frac{2x}{5} + \frac{x}{5}\right)$$

$$= x - \left(\frac{5x + 6x + 3x}{15}\right)$$

$$= x - \frac{14x}{15} = \frac{x}{15} \text{ भाग शेष बचा}$$

अब प्रश्नानुसार

$\frac{x}{15}$ भाग $= 400$ रु.

$x = 400 \times 15 = 6000$ रु.

अत: आय 6000 रु. होगी। $\Rightarrow$ **उत्तर**

अंकगणितीय विधि

$$1 - \left(\frac{1}{3} + \frac{2}{5} + \frac{1}{5}\right) = 400$$

$$1 - \left(\frac{5}{15} + \frac{6}{15} + \frac{3}{15}\right) = 400$$

$$1 - \frac{14}{15} = 400$$

आय $= 400 \times 15 = 6000 \Rightarrow$ **उत्तर**

अभ्यास प्रश्न

1. $\left\{1\frac{1}{3} - \frac{2}{3} \div \left(1\frac{1}{2} - \frac{3}{4}\right)\right\}$ का मान ज्ञात कीजिए।

2. $\dfrac{.969 \times .969 - .969 \times .031 + .031 \times .031}{.969 \times .969 \times .969 + .031 \times .031 \times .031}$

को सरल कीजिए।

3. $\dfrac{1}{a^2 - 3a + 2} + \dfrac{2}{a^2 - 5a + 6} - \dfrac{3}{a^2 - 4a + 3}$

को सरल कीजिए।

https://www.sarkarionlinejob.com/

4. $\frac{x^2-(a+b)x+ab}{x^2-b^2} \div \frac{x^2-(a+c)x+ac}{x^2-c^2}$ का मान ज्ञात कीजिए।

5. $\frac{2\frac{1}{3}-1\frac{2}{11}}{3+\frac{1}{3+\frac{1}{3+\frac{1}{3}}}}$ का मान कितना होगा ?

6. यदि $\frac{a}{b}$ तथा उसके व्युत्क्रम का योगफल 1 हो और $a \neq 0, b \neq 0$ हो, तो a^3+b^3 का मान क्या होगा ?

7. भिन्न $\frac{3}{5}, \frac{7}{9}, \frac{11}{13}$ को अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

8. भिन्न $\frac{12}{13}, \frac{19}{20}, \frac{24}{25}, \frac{33}{34}$ में सबसे छोटी भिन्न एवं सबसे बड़ी भिन्न ज्ञात कीजिए।

9. भिन्न $\frac{4}{5}, \frac{7}{8}, \frac{6}{7}, \frac{5}{6}$ को आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

10. वह संख्या क्या होगी जिसे $\frac{4^2}{9^2}$ के अंश और हर दोनों में जोड़ने पर भिन्न $\frac{4}{9}$ हो जाती है?

11. भिन्न $\frac{5}{8}, \frac{7}{12}, \frac{13}{16}, \frac{16}{29}$ को आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

12. किसी खंभे का $\frac{2}{5}$ वां भाग कीचड़ में है शेष का $\frac{1}{3}$ वां भाग जल में एवं 6 मीटर जल के ऊपर है, तो खंभे की लंबाई ज्ञात कीजिए।

13. यदि $\frac{a}{3}=\frac{b}{4}=\frac{c}{7}=\frac{7a-4b+3c}{p}$ हो, तो p का मान ज्ञात कीजिए।

14. किसी पारी का उच्चतम स्कोर, कुल स्कोर का $\frac{2}{9}$ भाग है तथा दूसरा उच्चतम स्कोर शेष स्कोर का $\frac{2}{9}$ भाग है। यदि दोनों स्कोर के बीच 8 का अंतर है, तो कुल स्कोर कितना है?

15. एक भ्रमण दल ने अपने यात्रा की $\frac{1}{3}$ दूरी नाव से, $\frac{4}{15}$ दूरी ट्रेन से, $\frac{1}{15}$ दूरी बस से तथा बची हुई 7200 मी. की दूरी पैदल तय की। उनके द्वारा तय की गई कुल दूरी कितनी थी ?

16. किसी कक्षा में कुल विद्यार्थियों की संख्या का $\frac{3}{5}$ लड़कियां और शेष लड़के हैं। यदि लड़कियों की संख्या का $\frac{2}{9}$ व लड़कों की संख्या का $\frac{1}{4}$ अनुपस्थित हों, तो कुल विद्यार्थियों की संख्या का कितना भाग उपस्थित है ?

17. यदि किसी भिन्न के अंश में 20% वृद्धि और उसके हर में 5% कमी कर दी जाए, तो नई भिन्न का मान $\frac{5}{2}$ हो जाता है। प्रारंभिक भिन्न ज्ञात कीजिए।

18. यदि किसी भिन्न के अंश को 200% तक बढ़ाया जाता है और भिन्न के हर को 150% तक बढ़ाया जाता है, तो परिणामी भिन्न $\frac{9}{35}$ हो जाती है। बताइए मूल भिन्न क्या होगी ?

19. किसी उचित भिन्न के अंश और हर 2 : 3 के अनुपात में हैं यदि अंश से 6 घटाया जाए, तो परिणाम वह भिन्न है जिसका मान प्रारंभिक भिन्न का $\frac{2}{3}$ है। प्रारम्भिक भिन्न का अंश क्या है ?

20. $\frac{x}{y}=\frac{a+2}{a-2}$ हो, तो $\frac{x^2-y^2}{x^2+y^2}$ का मान ज्ञात कीजिए।

https://www.sarkarionlinejob.com/

अभ्यास प्रश्नों के हल

हल 1.

$$\left\{1\frac{1}{3}-\frac{2}{3}\div\left(1\frac{1}{2}-\frac{3}{4}\right)\right\}=\left\{\frac{4}{3}-\frac{2}{3}\div\left(\frac{3}{2}-\frac{3}{4}\right)\right\}$$

$$=\left\{\frac{4}{3}-\frac{2}{3}\div\left(\frac{2\times3-3}{4}\right)\right\}$$

[दी गई भिन्न में $1\frac{1}{3}$ को $\frac{4}{3}$ तथा $1\frac{1}{2}$ को $\frac{3}{2}$ लिखा गया है]

$$=\left\{\frac{4}{3}-\frac{2}{3}\div\left(\frac{6-3}{4}\right)\right\}=\left\{\frac{4}{3}-\frac{2}{3}\div\frac{3}{4}\right\}$$

[छोटा कोष्ठक हल किया गया है]

$$=\left\{\frac{4}{3}-\frac{2}{3}\times\frac{4}{3}\right\}=\frac{4}{3}-\frac{8}{9}$$

[$\frac{a}{b}\div\frac{c}{d}=\frac{a}{b}\times\frac{d}{c}$ के रूप में लिखा गया है]

$$=\frac{3\times4-8}{9}=\frac{12-8}{9}=\frac{4}{9}\Rightarrow$$ **उत्तर**

[प्राप्त भिन्नों के हर 3, 9 का ल.स. लिया गया तथा हल किया गया]

हल 2.

$$\frac{.969\times.969-.969\times.031+.031\times.031}{.969\times.969\times.969+.031\times.031\times.031}$$

$$=\frac{(.969)^2-.969\times.031+(.031)^2}{(.969)^3+(.031)^3}$$

$$=\frac{\left\{(.969)^2-.969\times.031+(.031)^2\right\}}{(.969+.031)\left\{(.969)^2-.969\times.031+(.031)^2\right\}}$$

[सूत्र $(a^3+b^3)=(a+b)(a^2-ab+b^2)$ का प्रयोग भिन्न के हर में किया गया है]

[अंश के मझले कोष्ठक का मान एवं हर के मझले कोष्ठक का मान समान है]

$$=\frac{1}{(.969+.031)}=\frac{1}{1.000}=1\Rightarrow$$ **उत्तर**

हल 3.

$$\frac{1}{a^2-3a+2}+\frac{2}{a^2-5a+6}-\frac{3}{a^2-4a+3}$$

[दी गई भिन्न की हर में प्रत्येक बीजगणितीय व्यंजक का गुणनखण्ड करने पर]

$$=\frac{1}{a^2-2a-a+2}+\frac{2}{a^2-3a-2a+6}-\frac{3}{a^2-3a-a+3}$$

[दी गई भिन्न के हरों में $-3a=-2a-a$, $-5a=-3a-2a$, $-4a=-3a-a$ लिखा गया]

$$=\frac{1}{a(a-2)-1(a-2)}+\frac{2}{a(a-3)-2(a-3)}-\frac{3}{a(a-3)-1(a-3)}$$

$$=\frac{1}{(a-1)(a-2)}+\frac{2}{(a-2)(a-3)}-\frac{3}{(a-1)(a-3)}$$

$$=\frac{(a-3)+2(a-1)-3(a-2)}{(a-1)(a-2)(a-3)}$$

[तीनों भिन्नों के हरों का ल.स. लिया गया]

$$=\frac{a-3+2a-2-3a+6}{(a-1)(a-2)(a-3)}$$

$$=\frac{6-5}{(a-1)(a-2)(a-3)}$$

$$=\frac{1}{(a-1)(a-2)(a-3)}\Rightarrow$$ **उत्तर**

https://www.sarkarionlinejob.com/

हल 4.

$$\frac{x^2-(a+b)x+ab}{(x^2-b^2)} \div \frac{x^2-(a+c)x+ac}{(x^2-c^2)}$$

$$= \frac{x^2-(a+b)x+ab}{(x-b)(x+b)} \div \frac{x^2-(a+c)x+ac}{(x-c)(x+c)}$$

[भिन्न के हरों में $a^2-b^2=(a-b)(a+b)$ का प्रयोग किया गया]

$$= \frac{x^2-ax-bx+ab}{(x-b)(x+b)} \div \frac{x^2-ax-cx+ac}{(x-c)(x+c)}$$

$$= \frac{x(x-a)-b(x-a)}{(x-b)(x+b)} + \frac{x(x-a)-c(x-a)}{(x-c)(x+c)}$$

$$= \frac{(x-b)(x-a)}{(x-b)(x+b)} \div \frac{(x-c)(x-a)}{(x-c)(x+c)}$$

$$= \frac{(x-a)}{(x+b)} \div \frac{(x-a)}{(x+c)}$$

$$= \frac{(x-a)}{(x+b)} \times \frac{(x+c)}{(x-a)}$$

[दूसरी भिन्न से भाग दिया गया है अतः दूसरी भिन्न को उलट कर गुणा किया गया]

$$= \frac{(x+c)}{(x+b)} \Rightarrow \text{उत्तर}$$

हल 5. $\dfrac{2\frac{1}{3}-1\frac{2}{11}}{3+\frac{1}{3+\frac{1}{3+\frac{1}{3}}}} = \dfrac{\frac{7}{3}-\frac{13}{11}}{3+\frac{1}{3+\frac{3}{10}}}$

$$= \frac{11\times7-3\times13}{\frac{33}{3+\frac{10}{33}}} = \frac{\frac{77-39}{33}}{\frac{99+10}{33}} = \frac{\frac{38}{33}}{\frac{109}{33}}$$

[अंश को हल किया गया एवं हर के रूप में वितत भिन्न को हल किया गया]

$$= \frac{38}{33} \times \frac{33}{109} = \frac{38}{109} \Rightarrow \text{उत्तर}$$

हल 6.

दी गई भिन्न $\frac{a}{b}$ है, तो इसका व्युत्क्रम भिन्न $\frac{b}{a}$ होगी।

अब प्रश्नानुसार, $\frac{a}{b}+\frac{b}{a}=1$

$$\frac{a^2+b^2}{ab}=1$$

$$a^2+b^2=ab$$

[तिर्यक गुणा किया गया]

$$a^2+b^2-ab=0 \quad \text{.....(i)}$$

अब $a^3+b^3=(a+b)(a^2+b^2-ab)$ सूत्र है

इस सूत्र में समीकरण (i) से a^2+b^2-ab का मान रखने पर

$$a^3+b^3=(a+b)\times0$$

[समीकरण (1) से $a^2+b^2-ab=0$ रखा गया]

$$a^3+b^3=0$$

[किसी संख्या में शून्य (0) से गुणा करने पर प्रतिफल शून्य ही प्राप्त होता है]

अतः $a^3+b^3=0$ होगा। $\Rightarrow$ **उत्तर**

हल 7. सामान्य समझ पर

दी गई भिन्न $\frac{3}{5},\frac{7}{9},\frac{11}{13}$ हैं जिसके अंश एवं हर में समान अंतर (2) है। अतः बड़ी संख्या वाली भिन्न सबसे बड़ी तथा उससे छोटी संख्या वाली भिन्न उससे छोटी होगी (क्रमानुसार)।

https://www.sarkarionlinejob.com/

इस प्रकार दी गई भिन्न $\frac{3}{5}, \frac{7}{9}, \frac{11}{13}$ का अवरोही क्रम

$= \frac{11}{13} > \frac{7}{9} > \frac{3}{5}$ प्राप्त होगी $\Rightarrow$ **उत्तर**

हल 8. सामान्य समझ पर

दी गई भिन्न $\frac{12}{13}, \frac{19}{20}, \frac{24}{25}, \frac{33}{34}$ हैं जिसके अंश एवं हर में समान अंतर (1) है।

अत: सबसे बड़ी भिन्न (सबसे बड़ी संख्या वाली भिन्न होगी) $\frac{33}{34}$ एवं सबसे छोटी भिन्न (सबसे छोटी संख्या वाली भिन्न होगी) $= \frac{12}{13}$ $\Rightarrow$ **उत्तर**

हल 9. सामान्य समझ पर

दी गई भिन्न $\frac{4}{5}, \frac{7}{8}, \frac{6}{7}, \frac{5}{6}$ हैं जिसके अंश एवं हर में समान अंतर (एक) है।

सबसे छोटी भिन्न $\frac{4}{5}$ होगी। उससे बड़ी $\frac{5}{6}$ तथा इससे बड़ी $\frac{7}{8}$ होगी।

अत: दिए गए भिन्नों का आरोही क्रम निम्न प्रकार से है-

$\frac{4}{5} < \frac{5}{6} < \frac{6}{7} < \frac{7}{8}$ $\Rightarrow$ **उत्तर**

हल 10. परंपरागत विधि

माना वह संख्या x है जिसे भिन्न $\frac{4^2}{9^2}$ के अंश एवं हर दोनों में जोड़ने पर भिन्न $\frac{4}{9}$ हो जाती है।

अब प्रश्नानुसार, $\frac{4^2 + x}{9^2 + x} = \frac{4}{9} \Rightarrow \frac{16 + x}{81 + x} = \frac{4}{9}$

तिर्यक गुणा करने पर

$$(16 + x) \times 9 = (81 + x) \times 4$$
$$144 + 9x = 324 + 4x$$

पक्षांतर करने पर-

$$9x - 4x = 324 - 144$$
$$5x = 180 \Rightarrow x = \frac{180}{5}$$
$$x = 36 \Rightarrow \textbf{उत्तर}$$

हल 11. दी गई भिन्न $\frac{5}{8}, \frac{7}{12}, \frac{13}{16}, \frac{16}{29}$ हैं।

$\frac{5}{8} = .625$, $\frac{7}{12} = .5833$

$\frac{13}{16} = .8125$, $\frac{16}{29} = .5517$

अत: दी गई भिन्न का आरोही क्रम

$= .5517 < .5833 < .625 < .8215$

$= \frac{16}{29} < \frac{7}{12} < \frac{5}{8} < \frac{13}{16}$ $\Rightarrow$ **उत्तर**

हल 12. परंपरागत विधि

माना खंभे की लंबाई x मीटर है।

खंभे का $\frac{2}{5}$ भाग कीचड़ में $= \frac{2}{5}x$ है,

तो शेष भाग $= \frac{x}{1} - \frac{2x}{5} = \frac{5x - 2x}{5} = \frac{3x}{5}$

शेष का अर्थात $\frac{3x}{5}$ का $\frac{1}{3}$ भाग जल में $= \frac{3x}{5} \times \frac{1}{3}$

https://www.sarkarionlinejob.com/

$= \frac{x}{5}$ है तथा 6 मीटर जल के ऊपर है।

इस प्रकार

खंभे की लंबाई $= \frac{2x}{5} + \frac{x}{5} + 6$

$$x = \frac{3x}{5} + 6$$

[$\because$ खंभे की लंबाई x मीटर माना गया है]

$$x - \frac{3x}{5} = 6 \Rightarrow \frac{5x - 3x}{5} = \frac{6}{1}$$

$2x = 6 \times 5$ (तिर्यक गुणा किया गया)

$$x = \frac{30}{2} = 15 \text{ मीटर}$$

अत: खंभे की लंबाई 15 मीटर है। $\Rightarrow$ **उत्तर**

हल 13. परंपरागत विधि

दी गई भिन्न $\frac{a}{3} = \frac{b}{4} = \frac{c}{7} = \frac{7a - 4b + 3c}{p}$ है।

माना $\frac{a}{3} = \frac{b}{4} = \frac{c}{7} = \frac{7a - 4b + 3c}{p} = k$ हो, तो

$$\frac{a}{3} = k \Rightarrow a = 3k$$

$$\frac{b}{4} = k \Rightarrow b = 4k$$

$$\frac{c}{7} = k \Rightarrow c = 7k$$

तथा $\frac{7a - 4b + 3c}{p} = k \Rightarrow 7a - 4b + 3c = pk$ .....(1)

समीकरण (1) में a, b, c का मान रखने पर

$7 \times 3k - 4 \times 4k + 3 \times 7k = pk$

$21k - 16k + 21k = pk$

$42k - 16k = pk$

$26k = pk$

$p = \frac{26k}{k} \Rightarrow p = 26 \Rightarrow$ **उत्तर**

अत: p का मान 26 होगा।

हल 14. परंपरागत विधि

माना कुल स्कोर x है,

चूंकि पहला उच्चतम स्कोर कुल स्कोर का $\frac{2}{9}$ भाग है

अर्थात पहला स्कोर $= x \times \frac{2}{9} = \frac{2x}{9}$ होगा

शेष स्कोर $= \frac{x}{1} - \frac{2x}{9} = \frac{9x - 2x}{9} = \frac{7x}{9}$

दूसरा उच्चतम स्कोर शेष स्कोर का $\frac{2}{9}$ भाग है

$= \text{शेष का } \frac{2}{9}$

अर्थात दूसरा स्कोर $= \frac{7x}{9} \times \frac{2}{9} = \frac{14x}{81}$

अब प्रश्नानुसार,

पहले उच्चतम स्कोर और दूसरे उच्चतम स्कोर के बीच का अंतर 8 है-

$\therefore \frac{2x}{9} - \frac{14x}{81} = 8$

